कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
मुख्यालय
Headquarters
पंचदीप भवन सी॰आई॰जी रोड, नई दिल्ली-110002
PANCHDEEP BHAWAN, C.I.G. MARG, NEW DELHI-110 002
Phone: 011-23604700 Email : dir-gen@esic.nic.in
Website : www.esic.nic.in / www.esic.in

फा.सं.: **ए-49/17/1/2019-रा.भा.** दिनांक : **23-02-2026**

सेवा में

- बीमा आयुक्त, राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी, क.रा.बी.निगम, नई दिल्ली
- सभी अपर आयुक्त/क्षेत्रीय निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम
- सभी निदेशक/प्रभारी संयुक्त निदेशक/प्रभारी उप निदेशक, उ.क्षे.का., क.रा.बी.निगम
- निदेशक(चिकित्सा), निदेशालय(चिकित्सा), दिल्ली/नोएडा, क.रा.बी.निगम
- सभी चिकित्सा अधीक्षक, क.रा.बी.निगम अस्पताल/आदर्श अस्पताल
- सभी संकायाध्यक्ष, क.रा.बी.निगम चिकित्सा/दंत्य महाविद्यालय/स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान

विषय : निगम मुख्यालय की हिंदी गृह पत्रिका 'पंचदीप भारती' के प्रकाशनार्थ रचनाओं हेतु आमंत्रण।

महोदय/महोदया,

निगम मुख्यालय की हिंदी गृह पत्रिका 'पंचदीप भारती' के 20वें अंक का प्रकाशन प्रस्तावित है। निगम के 75वें स्थापना वर्ष के अवसर पर इसे **'विशेषांक'** के रूप में प्रकाशित करने की योजना है।

इस उद्देश्य से निम्नलिखित प्रकृति की रचनात्मक सामग्री प्रकाशनार्थ आमंत्रित है-

1	निगम की कार्य-प्रणाली से संबंधित लेख	5	निगम में राजभाषा की विकास यात्रा
2	सामाजिक सुरक्षा संबंधी आलेख	6	श्रम जगत केन्द्रित रचनाएँ
3	निगम की प्रगति संबंधी विशेष अध्ययन	7	विविध साहित्यिक विधाओं में रचनाएँ
4	उल्लेखनीय रिपोर्टें या लघु शोध	8	प्रेरणादायी अनुभव/सफल प्रयासों पर आलेख

इच्छुक अधिकारी/कर्मचारी कृपया अपना रचनात्मक सहयोग दिनांक 31 मार्च, 2026 तक मुख्यालय की राजभाषा शाखा के ई-मेल पते **rajbhasha-hq@esic.gov.in** पर भेजें। रचनाएं स्वच्छ और सुपठित हों तथा यूनिकोड में टाइप कर वर्ड डॉक्यूमेंट और पीडीएफ में निर्धारित समय के भीतर मुख्यालय को प्रेषित की जाएं।

अतः ज्ञानप्रद, रोचक, मनोरंजक और संग्रहणीय रचनाएं पासपोर्ट आकार की फोटो सहित सादर आमंत्रित हैं।

भवदीय
Digitally signed by
Sham Sunder Kathuria
Date: 23-02-2026
11:13:02
(श्याम सुंदर कथूरिया)
निदेशक (राजभाषा)

प्रतिलिपि-

1. - **सभी शाखाएं, मुख्यालय, क.रा.बी.निगम, पंचदीप भवन, नई दिल्ली।**
2. - **वेबसाइट सामग्री प्रबंधक को निगम की वेबसाइट पर पत्र अपलोड करने हेतु अनुरोध सहित।**

नोट- रचनाएं मौलिक और स्वरचित हों। यदि कोई उद्धरण या साभार संकलित सामग्री हो तो उसका उचित संदर्भ दिया जाए। कृपया ध्यान दें कि रचनाओं में भारत सरकार, किसी राज्य सरकार या संघीय क्षेत्र, किसी विभूति तथा किसी कार्यालय अथवा कर्मचारी राज्य बीमा निगम के नियमों, प्रतिमानों व आदर्शों के विरुद्ध किसी प्रकार की आपत्तिजनक टिप्पणी व शब्द का प्रयोग न हो तथा किसी भी रचना के संबंध में कॉपीराइट नियमों का उल्लंघन न हो। रचना की मौलिकता के संबंध में रचनाकार का घोषणा/प्रमाण पत्र अवश्य संलग्न हो। किसी विसंगति या दावे के संबंध में रचनाकार उत्तरदायी होंगे।